अध्यापकों के इन दो रिक्त पदों को भरने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन में अक्तूबर, 1986 में एक प्रत्यावेदन प्राप्त हुआ था। तथापि इन दो रिक्त पदों में से एक पद 18-9-1986 को एक दूसरे केन्द्रीय विद्यालय से एक अध्यापक को स्थानान्तरित करके भरा गया था। दूसरे रिक्त पद को अभी तक नहीं भरा जा सका क्योंकि उस अध्यापिका ने जिसके अनुरोध पर संगठन ने इस विद्यालय से उसे स्थानान्तरित किया था, बाद में अपना अनुरोध वापस ले लिया। संगठन द्वारा इस पद के लिए 5-11-1986 को नियुक्ति का एक नया प्रस्ताव पहले ही जारी कर दिया गया है।

जब स्कूल पुनः खुला उस समय क्योंकि 8 अध्यापक कार्य कर रहे थे, अतः प्रिंसिपल ने इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि पढ़ाई में कोई हानि न हो, इसलिए आंतरिक समायोजन किए।

## इलाहाबाद में नैनी में यमुना पर पुल

869. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इलाहाबाद में गऊघाट से नैनी की ओर यमुना नदी पर बने दो सड़क पुल जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं तथा अक्सर इन पुलों पर यातायात घंटों तक अवरुद्ध रहता है ;

(ख) इन पुलों का निर्माण किस वर्ष में किया गया था और उनका कब से उपयोग हो रहा है ;

(ग) सरकार स्थिति को सुधारने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है ;

(घ) क्या सरकार तेजी से बढ़ते हुए यातायात को देखते हुए वहां यमुना नदी पर एक और सड़क पुल बनाने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलेट)** : (क) से (ङ) चूंकि उक्त पुल राज्य-सड़क पर पड़ते हैं, इसलिए केन्द्र सरकार इस मामले से संबंधित नहीं है। तथापि, मौजूदा पुल से लगभग 1 कि० मी० बहाव की ओर (डाउन स्ट्रीम) एक नए सड़क पुल का निर्माण करने के लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से सम्पर्क किया है। राज्य सरकार से कहा गया कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 27 के उपयुक्त शहरी जोड़ के एक भाग के रूप में इस परियोजना को शामिल करने की व्यवहार्यता की जांच करे।

## T.B. Patients

870. SHRI SUBAS MOHANTY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the number of persons in the country who die of T.B. every year and what is the number of patients who require effective and urgent treatment;

(b) what percentage of entire population has been inflicted of vaccilli and the reasons therefor;

(c) what is the number of districts and places where the National Tuberculosis Programme has been implemented and the expenditure incurred in respect of each centre;

(d) what is the number of district tuberculosis centres that are working in Orissa and the amount of Central assistance granted to the State in this connection and what is the number of T.B. patients in Orissa; and

(e) the number of persons who die of T.B. in Orissa every year?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF HEALTH IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a) The exact